>

Title: Need to expedite implementation of Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in the Country.

**चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) :** उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना एक अहम योजना है। जिसमें केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को ग्रामीण विकास योजना के लिये उचित धनराशि प्रदान करता है लेकिन राज्य सरकारों द्वारा इस पर धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युतीकरण योजना जिसके अंतर्गत 2009 तक लगभग 2000 गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य पूरा होना था,अभी तक इसका प्रथम चरण पूरा नहीं हुआ है। क्या मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे -

(क) यह विद्युतीकरण योजना कब पूरी होगी

(ख) इस योजना के लिये कितना बजट आवंटित किया गया है तथा अभी तक इस योजना पर कितना इस्तेमाल हुआ है।

(ग) कितने चयनित गांवों में यह योजना पूरी हो चुकी है तथा जहां यह योजना पूरी हो चुकी है, वहां उसके बोर्ड लगे हुये हैं या नहीं।

(घ) क्या केन्द्र सरकार द्वारा गठित किसी समिति ने इस योजना का निरीक्षण किया है?